दैनिक
न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना-राशिफल

रायगढ़, शुक्रवार, 29 अप्रैल 2022
www.nyaysakshi.com

संपादकीय

नए भारत का कायदा

सोमवार को अदालत ने उन्हें जमानत देने का फैसला किया। लेकिन उससे मेवाणी को राहत नहीं मिली। क्योंकि वे जैसे ही कोर्ट से बाहर आए, एक महिला पुलिसकर्मी से दुर्व्यवहार करने के एक नए मामले में उन्हें फिर गिरफ्तार कर लिय गया। इस मामले में उन्हें कब रिहाई मिलेगी, कोई नहीं जानता।

भारत में किसी ट्विट के लिए गिरफ्तार हो जाना अब कोई असामान्य बात नहीं है। जहां एक कॉमेडियन इस सदेह में गिरफ्तार होकर महीनों जेल में गुजार चुका हो कि वह बहुसंख्यक समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कोई व्यंग्य सुना सकता है, वहां प्रधानमंत्री के बारे में ट्विट करने पर गुजरात के कांग्रेस समर्थित निर्दलीय विधायक जिग्नेस मेवाणी जेल चले गए, तो उसमें कोई हैरत की बात नहीं है। अगर आज की सरकार ने मन बनाया कि मेवाणी को जेल भेजना है, तो फिर उससे बचने का शायद उनके पास कोई चारा नहीं बचता। तो असम की पुलिस ने गुजरात आकर उन्हें हिरासत में लिया और अपने राज्य ले गई। गौर कीजिए। वहां के न्यायालय को यह जरूरत महसूस हुई कि ट्विट की जांच-पड़ताल के लिए मेवाणी को तीन दिन के पुलिस रिमांड में भेजा जाए। उसके बाद उनकी जमानत पर अर्जी पर फैसला सुरक्षित कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। सोमवार को अदालत ने उन्हें जमानत देने का फैसला किया। लेकिन उससे मेवाणी को राहत नहीं मिली। क्योंकि वे जैसे ही कोर्ट से बाहर आए, एक महिला पुलिसकर्मी से दुर्व्यवहार करने के एक नए मामले में उन्हें फिर गिरफ्तार कर लिया गया।

इस मामले में उन्हें कब रिहाई मिलेगी, कोई नहीं जानता। फिलहाल, वे इस पर अपनी खैर मना सकते हैं कि अब तक उन पर यूएपीए (गैर-कानूनी गतिविधि निवारक कानून) और राजद्रोह कानून के तहत धाराएं नहीं लगाई गई हैं। लेकिन वे इस बारे में आश्वस्त नहीं हो सकते कि भविष्य में भी ऐसा नहीं होगा। असल सवाल उनके कथित जुर्म का नहीं है। असल सवाल यह है कि आज देश का यही कायदा है। सत्ताधारी अगर खफा हो जाएं, तो फिर किसी की खैर नहीं है। पी चिदंबरम से लेकर भीमा कोरेगांव और सीएए विरोधी कार्यकर्ताओं तक को इस बात का अहसास हो चुका है। जब किसी समाज में रूल ऑफ लॉ (कानून के राज) का यह हाल हो जाए, तो वहां का लोकतंत्र किस दर्जे का है, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। जहां भाजपा नेता (महाराष्ट्र के एक नेता का बयान चर्चित हुआ था) खुलेआम कहते हों कि सत्ताधारी पार्टी में रहने पर अच्छी नींद आती है, क्योंकि किसी सरकारी एजेंसी के दस्तक देने का डर नहीं रहता, वहां समझा जा सकता है कि कानून किस रूप में काम कर रहा है- अथवा कानून का कैसा इस्तेमाल हो रहा है।

पंत मामले के बाद जयवर्धने ने की नियमों में बदलाव की मांग

मुम्बई । मुंबई इंडियंस के कोच और आईसीसी हाल ऑफ़ फ़ेम माहेला जयवर्धने का मानना है कि तकनीक का बेहतर उपयोग करने के लिए वीडियो अंपायर और मैदानी अंपायरों के बीच अधिक से अधिक सूचनाओं का संचार होना चाहिए और इसके लिए अगर नियमों में कोई बदलाव होना हो, तो वह उसके भी पक्षधर हैं।

जयवर्धने ने यह बयान पिछले हफ्ते दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच हुए आईपीएल मैच में हुए नो बॉल विवाद के संबंध में दिया है, जब मैदानी अंपायर ने दूसरी पारी के अंतिम ओवर में कमर के क़रीब आई फ़ुलटॉस को नो बॉल नहीं दिया था।

दिल्ली कैपिटल्स कैंप इसके बाद भडक़ गया था। कप्तान ऋषभ पंत ने बेंच से अपनी अप्रसन्नता जाहिर की और सहायक कोच प्रवीण आमरे तो अंपायरों से निर्णय पर बात करने के लिए मैदान तक पहुंच गए, लेकिन अंत में मैदानी अंपायरों ने अपना फ़ैसला बरकरार रखा और वे रिव्यू के लिए वीडियो अंपायर के पास नहीं गए।

मैच के बाद पंत और आमरे दोनों पर मैच फीस का 100 प्रतिशत जुर्माना लगा, वहीं आमरे पर एक मैच का प्रतिबंध भी लगाया गया। जयवर्दना ने इस पूरे घटनाक्रम को दुर्भाग्यपूर्ण कहा है। आईसीसी की खेलने की परिस्थतियों के नियम 21.5 के मुताबिक, तीसरा अंपायर गेंदबाज़ की फ़ुटफ़ुट लैंडिंग को टेलीजिवन रिप्ले में रिव्यू कर सकता है और अगर वह असंतुष्ट है तो वह तुरंत गेंदबाज़ी एंड के

अंपायर को नो बॉल का इशारा करने को कहते हैं। हालांकि, इस नियम में तीसरे अंपायर द्वारा कमर से ऊपर की फ़ुलटॉस के बारे में रिव्यू को लेकर कुछ नहीं कहा गया है। जयवर्धने ने मांग की है कि आईपीएल की इस घटना को एक वेक-अप कॉल के तौर पर लेना चाहिए, जिससे भविष्य में वीडियो अंपायरों का अच्छे से इस्तेमाल हो सके।

जयवर्धने ने आईसीसी रिव्यू कार्यक्रम में कहा, यह आगे भी हो सकता है और हमें इस पर ध्यान देने की ज़रूरत है। क्या कोई ऐसा विकल्प है कि तीसरा अंपायर इन चीज़ों को देखे और मैदानी अंपायर को सूचित करे कि इस गेंद को चेक किया जाना चाहिए? यह देखकर दुख हो रहा था कि जब आप खेल रोक देते हो और लोग मैदान पर आ जाते हैं। लेकिन दिल से कहूं तो ये सिफ़र् भावनाएं थीं जो अंतिम ओवर में पनप रही थीं। कुछ छक्के लग चुके थे और मैच रोमांचक हो गया था। उन्होंने कहा कि निर्णय पर विवाद करने के लिए आमरे का मैदान में उतरना खेल के लिए अच्छा नहीं था।

जयवर्धने ने आगे कहा, हालांकि नियम कहते हैं कि आप इन चीज़ों को चेक करने के लिए तीसरे अंपायर तक नहीं जा सकते हैं। किसी खिलाड़ी या कोच के लिए मैदान पर आने का विकल्प नहीं होता। हम कोचों के पास आईपीएल में टाइम आउट के दौरान मैदान पर आने का मौक़ा होता है और यही वह समय होना चाहिए जब कोच या कोई और मैदान पर आए।

मिशलिन बना बीईई की एनर्जी लेबलिंग पाने वाला भारत का पहला टायर ब्रांड

नई दिल्ली । प्रमुख मोबिलिटी कंपनी मिशलिन भारत सरकार के हाल में पेश किए गए स्टार लेबलिंग प्रोग्राम से मान्यता पाने वाला देश का पहला टायर ब्रांड बन गया है। इस लेबलिंग प्रोग्राम का लक्ष्य संवहनीयता और टायरों के लिए नए प्रदर्शन-मापदंडों में सुधार करना है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि मिशलिन एक्स मल्टी एनर्जी जेड टायर को ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (बीईई) द्वारा 4-स्टार रेटिंग के साथ उद्योग का पहला ईंधन बचत करने वाला लेबल प्रदान किया गया है। ट्यूबलेस ट्रक टायर और बस टायर 295/80आर22.5 एक्स मल्टी एनर्जी जेड टायर को मिशलिन ने भारत में निर्मित है। यह टायर ईंधन पर शानदार बचत की पेशकश करते हैं, विभिन्न री-ट्रीड्स के साथ लंबे समय तक चलते हैं और भारतीय सडक़ों पर सुरक्षा प्रदान करते हैं। कुशल 4-स्टार रेटिंग वाले ये टायर ईंधन में और 8 प्रतिशत तक की बचत का वादा करते हैं।

फ्रेट परिवहन की दक्षता भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण रीढ़ है और यह सरकार की विभिन्न पहलों के फायदों को महसूस करने में आवश्यक भूमिका निभाएगी। हरित परिवहन की दिशा में बेहद आसानी से रुख करने के लिए सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने एक महत्वाकांक्षी रोडमैप बनाया था।

इसके तहत एक मसौदा अधिसूचना 2021 में जारी की गई थी जिसमें ऑटोमोटिव इंडस्ट्री स्टैण्डर्ड्स (एआइएस) के दूसरे चरण में उल्लिखित कारों, बसों एवं ट्रकों के टायरों को रोलिंग रेजिस्टेंस, वेट ग्रिप और रोलिंग राउंड उत्सर्जन संबंधी जरूरतों को पूरा करने का प्रस्ताव रखा गया है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत, मिशलिन इंडिया ब्रांड को पंजीकृत करने के लिए पहले ब्रांड में से एक है और फिर इसे मिशलिन एक्स मल्टी एनर्जी जेड के लिए 4 स्टार रेटिंग प्रदान की गई।

पंत को टेस्ट कप्तानी के लिए तैयार किया जाना चाहिए : युवराज

नई दिल्ली । भारत के पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह का मानना है कि ऋषभ पंत को भारतीय टीम का उपकप्तान बनाया जाना चाहिए, ताकि वह भविष्य में नेतृत्व की भूमिका के लिए तैयार हो सकें। पंत ऐसे खिलाड़ी हैं, जिनका खेल हाल के समय में सबसे अधिक बेहतर हुआ है।

युवराज ने कहा, चयनकर्ताओं को पंत को भविष्य की भूमिका के लिए तैयार करना चाहिए। वह युवा हैं और भविष्य में वह कप्तान बनने की क्षमता रखते हैं। वह विकेटकीपर भी हैं, जिनकी नजऱ और दिमाग मैदान में सबसे अधिक चलती है, इसलिए वह इस भूमिका के लिए सबसे अधिक तैयार हैं। उन्हें ज़िम्मदारी दीजिए और एक साल तक उनसे कुछ चमत्कार की उम्मीद मत कीजिए। मुझे पूरा विश्वास है कि पंत इस भरोसे का परिणाम देंगे। युवराज ने उन आलोचकों को भी ख़ारिज किया जो पंत की परिपच्ता पर सवाल उठाते हैं। युवराज ने कहा, विराट को जब कप्तानी मिली तब वह परिपच् नहीं थे, पंत तो समय के साथ-साथ परिपच् होते जा रहे हैं।

अफगानिस्तान के राशिद के छक्के से गुजरात पांच विकेट से जीता

मुम्बई । अफगानिस्तान के राशिद खान के चार छक्कों से सजे 31 रन और राहुल तेवतिया के नाबाद 40 रन की बदौलत गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को आईपीएल मुकाबले में पांच विकेट से पराजित कर दिया।

हैदराबाद ने ओपनर अभिषेक शर्मा (65) और एडन मारक्रम (56) के शानदार अर्धशतकों तथा शशांक सिंह की नाबाद 25 रन की पारी से छह विकेट पर 195 रन का मजबूत स्कोर बनाया लेकिन गुजरात ने विकेट गंवाने के बावजूद आखिरी ओवर में चार छक्कों के दम पर 20 ओवर में पांच विकेट पर 199 रन बनाकर आठ मैचों में सातवीं जीत हासिल की और प्लेऑफ के करीब पहुंच गया। हैदराबाद बड़ा स्कोर बनाने के बावजूद उसका बचाव नहीं कर पाया और उसे आठ मैचों में तीसरी हार का सामना करना पड़ा।

लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाज रिद्धिमान साहा ने 38 गेंदों में 11 चौकों और एक छक्के की मदद से 68 रन की शानदार पारी खेली। शुभमन गिल ने 24 गेंदों में 22 रन की पारी खेली जबकि राहुल तेवतिया ने गुजरात को मुकाबले में बनाये रखने का भरपूर प्रयास किया और आखिरी तीन गेंदों में उसे नौ रन की जरूरत थी। तेवतिया ने पारी के आखिरी ओवर में पहली और राशिद ने तीसरी गेंद पर छक्के जड़ दिए। राशिद ने पारी की पांचवीं गेंद पर भी छक्का मारा। राशिफ़ ने आखिरी गेंद पर भी छक्का उड़ा कर जीत गुजरात की झोली में डाल दी।

गुजरात ने पांच विकेट से रोमांचक मुकाबला जीत लिया।

इस सीजऩ में पहली बार जब गुजरात और हैदराबाद का आमना-सामना हुआ था, तब हैदराबाद ने गुजरात को विजय रथ से उतार दिया था। इसके बाद हैदराबाद ने पीछे मुडक़र नहीं देखा था। लगातार पांच मुक़ाबलों में जीत दर्ज कर हैदराबाद एक बार फिऱ गुजरात के ख़िलाफ़ भिडऩे पहुंची थी। लेकिन इस बार गुजरात ने हैदराबाद के जीत के कारवां को समाप्त कर दिया।

आखिरी ओवर में चार छक्कों के दम पर राशिद(तीन छक्के) ने मैच का पासा पलट दिया। अब गुजरात टाइटंस 14 अंकों के साथ अंक तालिका में टॉप पर पहुंच गयी है।

तेवतिया और राशिद ने आखिरी चार ओवर में 59 रन ठोक डाले और गुजरात को असंभव लग रही जीत दिला दी।

रोमांचक मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने एसआरएच को पांच विकेट से हराया

मुंबई । विकेटकीपर ऋद्धिमान साहा (68) के अर्धशतक और ऑलराउंडर तेवतिया-राशिद की धुंआधार साझेदारी की बदौलत यहां वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए रोमांचक मुकाबले में गुजरात टाइटंस (जीटी) ने सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को पांच विकेट से हरा दिया। हैदराबाद ने 20 ओवरों में छह विकेट खोकर 195 रन बनाए थे और गुजरात को 196 रन का लक्ष्य दिया था, जिसे टीम ने आसानी से पार कर लिया। वहीं, हैदराबाद के गेंदबाज उमरान मलिक ने पांच विकेट झटके। 196 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस की टीम ने शानदार शुरुआत की। सलामी जोड़ी ऋद्धिमान साहा और शुभमन गिल ने पहले पॉवरप्ले में 59 रन जोड़े।

गुजरात को पहला झटका आठवें ओवर में लगा, जब गेंदबाज उमरान मलिक ने शुभमन गिल को क्लीन बोल्ड किया। शुभमन ने 24 गेंदों पर एक चौका और एक छक्के की मदद से 22 रन बनाए। उनके बाद हार्दिक पांड्या क्रीज पर आए। वहीं, उमरान मलिक ने गुजरात को दूसरा झटका पांड्या के रूप में दिया। उन्होंने पांड्या (10) को मार्को यानसेन के हाथों कैच कराया। उनके बाद डेविड मिलर क्रीज पर आए और ऋद्धिमान साहा के साथ पारी को संभाला। 10 ओवर के बाद गुजरात का स्कोर दो विकेट पर 91 रन था। 11वें ओवर के बाद गुजरात टाइटंस ने दो विकेट गंवाकर 96 रन बनाए। ऋद्धिमान साहा ने 28 गेंदों पर आईपीएल करियर का नौवां अर्धशतक जड़ा।

वहीं, 14वें ओवर में मलिक ने गुजरात को एक और झटका दिया। मलिक ने ऋद्धिमान साहा को क्लीन बोल्ड किया। साहा ने 38 गेंदों पर 11 चौके और एक छक्के की मदद से 68 रन की बेहतरीन पारी खेली। 14वें ओवर के बाद गुजरात का स्कोर तीन विकेट पर 127 रन था। उनके बाद घातक बल्लेबाज राहुल तेवतिया क्रीज पर आए।

गेंदबाज उमरान मलिक ने पहले अपने ओवरों में गुजरात को तीन झटके दिए थे। हालांकि, उसके बाद उन्हें गुजरात को एक ही ओवर में दो और झटके दिए, जिसमें ओवर की पांचवीं गेंद पर डेविड मिलर (19) और आखिरी गेंद पर अभिनव मनोहर (0) को क्लीन बोल्ड कर पवेलियन भेजा। उमरान ने इस मैच में पांच विकेट झटके, जो कि आईपीएल में उनका पहला फाइव विकेट स्पेल है।

वर्ष 2023 तक आयेगी भारत की डिजिटल मुद्रा : सीतारमण

सैन फ्रांसिसको । केन्द्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने आज सिलिकॉन वैली में निवेशकों और उद्यमियों के साथ चर्चा की और वर्ष 2023 तक भारत में डिजिटल मुद्रा शुरू की जायेगी।

श्रीमती सीतारमण ने फिक्की द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि सरकार ने बजट में डिजिटलीकरण के लिए बजट में कई पहलों की घोषणायें की है। रिजर्व बैंक द्वारा डिजिटल मुद्रा, डिजिटल बैंक और डिजिटल विश्वविद्यालय बनाने की घोषणाओं का उल्लेख करते हुये उन्होंने कहा कि सरकार हर क्षेत्र में डिजिटलीकरण को लगातार प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत में डिजिटलीकरण को तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है और वर्ष 2023 तक नयी डिजिटल मुद्रा जारी करने की घोषणा की जा चुकी है।

उन्होंने हालांकि कहा कि दूसरे देशों की तरह प्रास्तवित डिजिटल मुद्रा का उद्देश्य वित्तीय समावेशन नहीं है। सरकार और रिजर्व बैंक के इसके विभिन्न व्यावसायिक उपयोग पर भी विचार कर रहा है। भारत में वित्तीय समावेशन को जैम तंत्र के माध्यम से हासिल किया गया है।

उन्होंने चर्चा के दौरान निवेशकों के साथ लगातार संपर्क में रहने और उनकी चिंताओं को दूर करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत में सशक्त स्टार्टअप इकोसिस्टम को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने बहुत ही सक्रिय स्टार्टअप प्रकोष्ठ का गठन भी किया है। जो लोग स्टार्टअप के लिए इच्छुक हैं उन्हें प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्हें उद्योग एवं आतंरिक व्यापार संवर्धन विभाग से जोड़ा गया है। उन्होंने निवेशकों से कहा कि वे अपने सुझाव दे सकते हैं और कठिनाइयां भी बता सकते हैं और जहां तक संभव होगा उनकी समस्याओं का समाधान भी किया जायेगा।

बेटी के बॉलीवुड में डेब्यू को लेकर अजय ने कही बड़ी बात

बॉलीवुड स्टार अजय देवगन की बेटी न्यासा इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चाओं का विषय बनी हुई है। कभी उनकी कोई फोटो वायरल हो जाती है, तो कभी वो पार्टी में जाते हुए नजऱ आती है। ख़बरों की माने तो न्यासा ने हाल ही में अपना 19वां बर्थडे सेलिब्रेट किया। जिसकी फोटोज खूब वायरल हुई थी। इसी दौरान काजोल और अजय देवगन की बेटी न्यासा को लेकर एक बड़ी खबर सुनने के लिए मिली है।

बॉलीवुड में डब्यू नहीं करेंगी न्यासा: बॉलीवुड स्टार एक्टर अजय देवगन और काजोल की बेटी न्यासा को लेकर रोज कुछ न कुछ नया सुनने के लिए मिल ही जाता है। अभी जब हाल में उन्होंने अपना 19वां बर्थडे सेलिब्रेट किया था, तो उसकी फोटोज सोशल मीडिया पर जमकर वायरल होने लगी थी। इन फोटोज को लेकर खूब बातें भी हुई। अजय देवगन की बेटी न्यासा को लेकर कई दिनों से बोला जा रहा था कि वो जल्द ही बॉलीवुड में डब्यू कर सकती है। जिसको लेकर अब न्यासा के पिता अजय देवगन ने एक साक्षत्कार के बीच खुलासा किया था कि आवश्यकता नहीं है उनकी बेटी बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली है। जिसके आगे अजय ने बोला है कि उन्होंने अपने बच्चों को कभी किसी काम के लिए फोर्स नहीं किया है। जिसके उपरांत अजय का एक और साक्षत्कार खूब चर्चा में बना हुआ है।

एक बार फिर नव्या ने सिद्धांत की फोटोज पर किया कमेंट

बॉलीवुड इंडस्ट्री में आए दिन तमाम सिलेब्स के अफेयर की खबरें हमेशा ही चर्चाओं में बनी रहती है। इन दिनों एक्टर सिद्धांत चतुर्वेदी और अमिताभ बच्चन की नातिन नव्या नवेली नंदा के कथित अफेयर की चर्चाएं इन दिनों तेजी से बढ़ रही है। ये दोनों आए दिन एक-दूसरे की सोशल मीडिया पर रिएक्शन देते हुए दिखाई दे रही है। अब सिद्धांत चतुर्वेदी ने अपनी एक तस्वीर शेयर की है जो नव्या नवेली नंदा को पसंद आई है। सिद्धांत चतुर्वेदी ने शेयर किया पोस्ट: सिद्धांत चतुर्वेदी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी एक मिरर सेल्फी भी साझा कर दी है। इसमें वह शर्टलेस दिखाई दे रहे है। इसके साथ उन्होंने लिखा है, आज ज्यादा, कल हम कम थे... मैंने तुम्हें तब देखा था, जब मुझे कोई नहीं देखता था, आज तुम हो, और मैं भी यहां, और ये नजरें हम पर, आज ज्यादा, कल कम थे...। नव्या नवेली नंदा को सिद्धांत चतुर्वेदी के ये शायराना अंदाजा और शर्टलेस बॉडी बहुत भा गई है। नव्या नवेली नंदा ने सिद्धांत चतुर्वेदी की पोस्ट को लाइक किया है।

आज का राशिफल

मेष : आज आपके रुके हुए महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे। आज आप अपना व्यवहार सकारात्मक बनाए रखें। भविष्य के लिये बनायी योजनाओं पर भी आज कुछ सोच-विचार करने की जरूरत है। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में परिवार वालों की मदद मिलेगी।

वृष : आज का दिन व्यापार की गति बढ़ाने वाला साबित होगा। किसी पूराने निवेश से आज आपको फायदा होगा। आज योजना बनाने और फैसला लेने के लिए दिन बहुत अच्छा है।

मिथुन : आज आपका दिन खुशियों भरा रहेगा। आज आपका मन नये काम करने में लगेगा। आज आपके बिजनेस में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

कर्क : आज का दिन ठीक ठाक रहने वाला है। आज अपनी सोच को सकारात्मक रखें। ऑफिस के रुके हुए कार्य निपटाने की कोशिश करेंगे जिनमें आप सफल भी रहेंगे। परिवार से जुड़ा कोई भी फैसला सोच–समझकर लें, जल्दबाजी बिलकुल ना करें।

सिंह : आज का दिन अच्छा रहेगा। आज जिससे भी मिलेंगे वह व्यक्ति आपसे प्रभावित होगा। किसी से भी बात करते समय वाणी पर संयम बनाए रखें। अपने करियर को लेकर आज आपके मन में दुविधा होगी, लेकिन किसी अनुभवी व्यक्ति से बात करके सॉल्व भी हो जायेगी।

कन्या : आज आपका ध्यान ऑफिस के कार्यों को पूरा करने में लगा रहेगा। अपने अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए आज का दिन अच्छा है। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज आपका आत्मविश्वास आपके लिये सफलता की कुंजी साबित होगा।

तुला : आज आपके मन में नए नए विचार आएंगे। आज आप कुछ ज्यादा ही जोश में रहेंगे। आज आप अपने बनाए प्लान में बदलाव करेंगे, जिससे आपको लाभ भी होगा।

वृश्चिक : आज बड़े बुजुर्गों की सलाह आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगी। आज अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। आज आप सामाजिक कार्यों में सहयोग देंगे, जिससे समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

धनु : आज आपका रुझान अध्यात्म की तरफ ज्यादा रहेगा। आप घर वालो के साथ धार्मिक कार्यों में मन लगाएंगे। राजनीतिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी।

मकर- आज वरिष्ठ अधिकारी आपके काम की तारीफ करेंगे। आपकी सैलरी में बढ़ोत्तरी भी होगी, जिससे आप आज पूरे दिन प्रसन्न रहेंगे। आज आप अपने सीनियर्स के प्रति अच्छा व्यवहार बनाए रखें।

कुंभ : आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देंगे। कार्यक्षेत्र में उम्मीद के अनुसार कामयाबी हासिल होगी। पारिवारिक मामलों में किसी बात को लेकर जीवनसाथी से बात होगी।

मीन : आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज जो भी काम शुरू करेंगे उसमें आपको सफलता मिलेगी। संतान की करियर को बेहतर दिशा देने के लिए आज आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के काम की सीनियर्स तारीफ करेंगे।

बनाएं ये जायकेदार 'फ्राइड राइस'

सेब की मदद से आज हम बनाने वाले हैं फ्राइड राइस, जो आम फ्राइड से है हटकर, आइए जानते हैं इसकी क्विक रेसिपी।

सामग्री :

100 ग्राम हरा सेब छिलके सहित कटा हुआ, 20 ग्राम मक्खन (अगर वीगन हैं, तो ऑलिव ऑयल इस्तेमाल करें), 40 ग्राम लाल और पीली शिमला मिर्च कटी हुई, 30 ग्राम प्याज कटा हुआ, 30 ग्राम भुने अखरोट, 220 ग्राम चावल उबला हुआ, 30 ग्राम हरा प्याज, 5-7 मिली सोया सॉस, 15 मिली व्हाइट विनेगर, 1 ग्राम व्हाइट मिर्च पाउडर, स्वादानुसार नमक

विधि :

- एक बड़े पैन में मध्यम आंच पर मक्खन पिघलाएं।
- इसमें कटे प्याज, शिमला मिर्च डालकर 30 सेकेंड तक चलाएं।
- अब चावल, सोया सॉस और विनेगर डालकर हल्के हाथ से मिलाते हुए चलाएं।
- सोया सॉस डालने के बाद चावल एक बार चख लें।
- अब इसमें नमक, मिर्च पाउडर डालें और बीच-बीच में चलाते हुए 3-4 मिनट तक पकाएं।
- आंच धीमी, कटा सेब, अखरोट और हरा प्याज मिलाएं।
- गैस बंद करके हरे प्याज की गार्निशिंग कर सर्व करें।

शब्द सामर्थ्य- 56

बाएं से दाएं
1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

ऊपर से नीचे
1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 55 का हल

भू	कं	प	■	फा	य	दा	■	स
प	■	ल	ला	ट	■	य	ती	म
ति	ल	क	■	क	न	क	■	झ
■	क्ष्म	■	■	■	रे	■	■	■
ग	ण	क	■	सं	श	य	■	सौ
ह	■	या	च	क	■	म	न्न	त
रा	क्ष	स	■	र	क्ष	क	■	न
■	त्रि	■	■	■	मि	■	■	■
शा	य	री	■	का	त	र	■	गो

सू-दोकू- 56

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.55 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6